तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 महाआरती के बाद हनुमान जी को लगा लड्डुओं का महाभोग




## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी के मद्देनजर 11 अप्रैल से सुबह 7.30 बजे लगेंगे स्कूल

**अम्बिकापुर।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा तथा कक्षा पहली से पांचवीं एवं छठवीं से आठवीं बोर्ड एवं स्थानीय वार्षिक परीक्षाएं प्रातः प्रथम पाली में संचालित हो रही हैं, जिसके कारण कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं दोपहर द्वितीय पाली में संचालित की जा रही हैं, जो कि 10 अप्रैल को समाप्त हो जायेंगी। इसके उपरांत 11 अप्रैल से जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालय पूर्ववत प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगी। विद्यालीन छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को गर्मी तथा लू से बचाव एवं सावधानी की सलाह दी जाती है। गर्मी तथा लू से बचाव के सभी आवश्यक उपाय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### कर्मयोगी भारत अभियान अंतर्गत साधना सप्ताह 8 तक

**बलरामपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत जिलों में 2 से 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले के समस्त विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को 2 से 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाना सुनिश्चित करने को कहा है। साधना सप्ताह के अंतर्गत 2 अप्रैल को शुभारंभ एवं सभी विभागों में साधना सप्ताह का सामूहिक वाचन तथा कर्मयोगी भारत के उद्देश्यों पर परिचर्चा की जाएगी। इसी प्रकार 3 अप्रैल को आत्मचिंतन दिवस, 4 अप्रैल को सेवा संकल्प दिवस के अंतर्गत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु संकल्प एवं विभागीय सेवा मानकों की समीक्षा, 5 अप्रैल को नवाचार दिवस के अंतर्गत कार्य प्रणाली में सुधार हेतु नवीन विचारों का आदान-प्रदान एवं डिजिटल साधनों के प्रयोग पर कार्यशाला, 6 अप्रैल को पारदर्शिता दिवस के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु चर्चा एवं शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा, 7 अप्रैल को सहयोग दिवस के अंतर्गत टीम भावना एवं सामूहिक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु गतिविधियां एवं विभागीय समन्वय बैठक तथा 8 अप्रैल को समापन दिवस पर सप्ताह भर की गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार करना एवं साधना सप्ताह का समापन एवं अनुभव साझा किया जाएगा।

### सेना भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अब 10 तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि भारतीय सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। पूर्व में यह तिथि 1 अप्रैल निर्धारित थी। ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हुई थी, जिसमें अब अभ्यर्थी बढ़ी हुई तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (10वीं एवं 8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक पदों पर पंजीकरण किया जा रहा है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) जून 2026 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक गंभीर, उपचार जारी

**अम्बिकापुर।** परसोढ़ी निवासी अनमोल मिंज आ. सुनील मिंज (20 वर्ष ) सुबह चाची को लेकर बाइक से शहर बैंक जा रहा था। जैसे ही भिट्ठी कला के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक का उपचार जारी है।

## अवैध पत्थर उत्खनन कर खेतों को बना दी खाई

# क्रशर संचालकों ने आदिवासी परिवारों की कृषि भूमि को बना दिया पत्थर खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- क्रशर संचालकों की दबंगई से ग्रामीण परेशान

विकासखण्ड लुण्ड्रा में क्रशर संचालकों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। क्रशर संचालक दबंगई पूर्वक आदिवासी समाज के लोगों की भूमि पर अतिक्रमण कर पत्थर का अवैध उत्खनन करा रहे हैं। क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध उत्खनन से कृषि भूमि का रकबा लगातार घट रहा है।

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेश्वरपुर, चंगेरी एवं करां में वर्षों से डेढ़ दर्जन से अधिक क्रशर संचालित हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा क्रशर संचालकों को पत्थर उत्खनन के लिए पहाड़ आवंटित किए गए है। क्रशर संचालक लगातार विस्फोट कर पहाड़ों का पत्थर तो उत्खनन कर ही रहे हैं अधिक कमाई की लालच में खेती की जमीने भी सुरक्षित नहीं बची है। क्रशर संचालकों ने आदिवासी परिवारों के गुजर-बसर के लिए प्रदान किए गए पट्टे की भूमि को भी पत्थर उत्खनन कर सुरंग बना दिया है। प्रभावशाली क्रशर संचालकों ने पहले शासकीय भूखण्डों से बेतरतीब अवैध उत्खनन कर सुरंग बनाया तथा अब लम्बे समय से आदिवासी परिवारों के पट्टे की भूमि से उत्खनन कर रहे हैं। पत्थर उत्खनन के बाद खेती की जमीनें खतरनाक खाई बन गई है। प्रभावित ग्रामीणों का कहना है पहले क्रशर संचालक खाई में तब्दील बगल की भूमि के भविष्य में अनुपयोगी होने का हवाला देकर पैसे देने की लालच देते हैं तथा दूसरे ही दिन पत्थर उत्खनन करना शुरू कर देते हैं। भू-स्वामी जब पैसे की मांग करता है तब तक उसकी जमीन खाई बन चुकी होती है। क्रशर संचालक कुछ राशि देकर भू स्वामी को विदा कर देते हैं। क्रशर संचालकों की दबंगई से भयभीत ग्रामीण इसकी शिकायत भी नहीं कर पाते। भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर अजीत बसंत से ग्रामीणों ने क्रशर संचालकों द्वारा शासकीय एवं निजी भूखण्डों में मनमानी पूर्वक अवैध उत्खनन करने की घटना से अवगत करा कार्रवाई करने की मांग की थी। खेती की जमीनों को पत्थर खदान बनाने से आदिवासी परिवारों की रोजी-रोटी पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है साथ ही कृषि रकबा घटते जा रहा है।



किसानों के खते में बना खतरनाक गड्ढा।



पत्थर निकालने के लिए खेत में खोदा गया गड्ढा।

### लगातार विस्फोट से बढ़ा खतरा

पत्थर उत्खनन के लिए क्रशर संचालक लगातार विस्फोट करते हैं। इसके लिए कुछ क्रशर संचालकों को प्रशासन द्वारा अनुमति भी प्रदान की गई है। धमाकों के लिए कोई समय निर्धारित नहीं होने के कारण क्रशर संचालक अपनी जरूरत के अनुसार सुबह से शाम तक बिना सूचना विस्फोट करते रहते है। विस्फोट से खदान के पत्थर के टुकड़े दूर-दूर तक पहुंच जाते हैं। विस्फोट से बस्ती के लोग कांपने लगते हैं। घरों में बढ़ रहे दरारों से ग्रामीण परेशान हैं। विस्फोटों को रोकने का उपाय नहीं होने के कारण अब ग्रामीण इसके अभ्यस्त हो गए हैं।

### नीचे खिसक रहा पानी का तल

पत्थर उत्खनन के लिए किए जा रहे लगातार धमाकों एवं अवैध उत्खनन से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति में लगातार बदलाव आ रहा है वहीं जलस्त्रोत का तल लगातार नीचे खिसक रहा है। विकासखण्ड लुण्ड्रा में एक दर्जन से अधिक ग्राम ऐसे हैं जहां के भूगर्भ में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण लोगों को पेयजल के लिए भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत चंदेश्वरपुर, करां एवं चंगोरी के भूगर्भ में पर्याप्त पानी था लेकिन लगातार हो रहे विस्फोटों से ग्रामीण भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। ग्राम चंगोरी स्थित प्राथमिक शाला एवं स्वास्थ्य केन्द्र से 250 मीटर दूरी पर पत्थर की खदाने संचालित हैं। विस्फोट के दौरान स्कूली बच्चे एवं अस्पताल के मरीज थर्रा जाते हैं।

### कराई जाएगी जांच

इस संबंध में कार्यालय को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। बिना अनुमति निजी भूमि से उत्खनन कराने की जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान इस तरह की शिकायत मिलने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल कुमार साहू
जिला खनिज अधिकारी



## महामाया एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए रवाना हुई पहली 72 सीटर फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 3 यात्रियों ने भरी उड़ान

गुरूवार को पहली बार मां महामाया एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए 72 सीटर प्लेन सवारों को लेकर रवाना हुई। तीन दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल उद्घाटन कर अम्बिकापुर-दिल्ली हवाई सेवा की शुरूआत की थी।

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए फ्लाइट संचालित हो रही है। 30 मार्च को महामाया एयरपोर्ट दरिमा से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। हर सप्ताह सोमवार एवं बुधवार को अम्बिकापुर से दिल्ली की फ्लाइट संचालित हो रही है जबकि अम्बिकापुर से कोलकाता की फ्लाइट के लिए गुरूवार एवं शनिवार का दिन निर्धारित किया है। गुरूवार को सुबह 7.05 बजे महामाया एयरपोर्ट पर कोलकाता की फ्लाइट पहुंची तथा 8.50 बजे बिलासपुर होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुई। पहली फ्लाइट में मात्र तीन यात्रियों ने उड़ान भरी। भविष्य में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है। दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह है। इस सप्ताह दिल्ली की फ्लाइट दो दिन चली। दोनों दिन यात्रियों की संख्या 30 से अधिक रही। दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट में भी दोनों दिन 25-30 यात्रियों ने उड़ान भरी। हालांकि कोलकाता से बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के व्यवसायी व्यापार करते हैं तथा सामानों की खरीदी के लिए हर पखवाड़े कोलकाता का सफर करते हैं। इस दृष्टि से कोलकाता की फ्लाइट में भी दिल्ली फ्लाइट के अनुरूप यात्रियों के सफर करने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन कोलकाता की फ्लाइट में मात्र तीन यात्री ही पहुंच पाए। लोग धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्रवासी बनारस के लिए फ्लाइट चलाने की मांग कर रहे हैं। सांसद चिंतामणि महाराज ने क्षेत्रवासियों की मांग एवं वर्तमान समय की जरूरतों को देखते हुए इसकी पहल भी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए उन्होंने इंडिगों के अधिकारियों से चर्चा कर रहे है। इस मांग को लेकर निकट भविष्य में वे नागरिक उड्यन मंत्री से भी मिलेंगे।

## पांच किलो गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ गांजा तस्कर को पकड़ा बल्कि उसके पास भारी मात्रा में गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम लखनपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नवापारा अमगसी निवासी कृष्णा सिंह के घर भारी मात्रा में गांजा उतरा है। सूचना पर तत्काल टीम मौके पर पहुंची और नवापारा अमगसी निवासी कृष्णा सिंह के होटल एवं घर में दबिश दी। टीम के अचानक दबिस देने पर कृष्णा सिंह भागने का प्रयास किया लेकिन टीम के सदस्यों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। संयुक्त टीम ने कृष्णा के हाथ में पकड़े एक बाल्टी में दो पॉलीथिन में रखे पांच किलो गांजा जब्त की। टीम ने गांजा को जब्त कर आरोपी होटल मालिक कृष्णा सिंह के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नवापारा अमगसी निवासी कृष्णा सिंह कई साल से गांजा बिक्री कर रहा था। गांजा के मामले में ही वह दो बार जेल भी जा चुका है परंतु गांजे का कारोबार बंद नहीं किया। आज फिर हमारी टीम को उसे पकड़ने में सफलता हाथ लगी।। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि हमारी उड़नदस्ता की टीम सूखे नशे पर जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है और हर नशे के सौदागर को जेल दाखिल करने के लिए कटिबद्ध है। कार्रवाई में जिला आबकारी टीम के आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू, आकाश साहू एवं अनिल गुप्ता सक्रिय रहे।



## चक्कर आने बाथरूम में गिरा युवक, पानी भरे टब में सिर डूबने से मौत

**अम्बिकापुर।** शीतला वार्ड निवासी विशाल मानिकपुरी आ. कामेश्वर दास (25 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे बाथरूम में आंख मुंह धोने गया था। तभी अचानक चक्कर आने से गिर गया। बाथरूम में गिरने की आवाज सुन बहन नदिनी दास बाथरूम गई तो देखा भाई का सिर पानी भरे टब में डूबा हुआ है। किसी तरह बहन से भाई को बाथरूम से निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात युवक शराब पिया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पेड़ से टकराया ट्रेलर, लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग

गुरूवार को अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 364 स्थित डूमरखी बैरियर के आगे मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के सड़क किनारे के पेड़ों से टकराने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई।

गुरूवार को अपराह्न 3 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 5772 डूमरखी बैरियर के आगे हाईवे के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के विशाल दो पेड़ों से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटना के तत्काल बाद ट्रेलर के इंजन से आग की लपटें उठने लगी तथा ट्रेलर धू-धूकर जलने लगा। गनीमत थी कि ट्रक चालक युसूफ अंसारी (32) समय रहते वाहन से कूद गया था। सूचना मिलते ही पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम पहुंची तथा स्थिति को संभाला। टीम ने अग्निशमन को सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया साथ ही जंगल में आग फैलने की संभावना पर वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। अग्निशमन दल ने पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाया। संयुक्त प्रयासों से जंगल को भी जलने से बचाया गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।



## हत्या के मामले में आरोपी दंपति गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी युवक की हत्या करने तथा शव को घर में दफन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दंपति को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक 31 मार्च की रात भगवानपुर खुर्द निवासी मिथलेश कुजूर थाना गांधीनगर आकर बताया कि 7 दिन पूर्व रात में गांव के बृजलाल अगरिया उसके घर आया था और शराब पीने के लिए अपने घर चलने का जिद करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान बृजलाल अगरिया ने मिथलेश का मोबाइल को तोड़ दिया जिससे दोनों के बीच मारपीट होने लगा। मिथलेश कुजूर ने बृजलाल अगरिया को लाठी से सिर में जानलेवा हमला कर दिया जिससे बृजलाल की मौत हो गई। मिथलेश कुजूर शव को पत्नी राजकुमारी की सहायता से अपने घर में सूअरों के लिए बनाये गड्ढे में डालकर छिपा दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस आरोपी को साथ लेकर उसके घर गया और शव को गड्ढे से बरामद किया। पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर दोनों के विरूद्ध धारा 103 (1), 238, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से पति पत्नी को जेल भेज दिया गया है।





शोभायात्रा में शामिल समाज की महिलाएं।

## उरांव समाज ने निकाली शोभा यात्रा सरना स्थल पर की गई सरहुल पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उरांव समाज के लोगों ने पूर्व मंत्री गणेश राम भगत के नेतृत्व में शोभायात्रा निकालकर परंपरानुसार शंकरघाट स्थित सरना स्थल में सरहुल पूजा की। इस अवसर पर सरना स्थल पर बैठक कर सामाजिक एकता एवं अपनी परंपराओं का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

उरांव समाज में प्रकृति की उपासना के पर्व सरहुल पूजा का महत्वपूर्ण स्थान है। गुरूवार को समाज के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गणेश राम भगत के नेतृत्व में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उरांव समाज के सदस्य पटेलपारा स्थित उरांव समाज के भवन में उपस्थित हुए। एक रंग के पारम्परिक वेशभूषा में सजे-संवरे समाज के लोगों ने ढोल-नगाड़ा एवं मांदर की थाप पर नाचते-झूमते शोभायात्रा निकली। शोभा यात्रा पटेलपारा स्थित सामाजिक भवन से अम्बेडकर चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, कार्तिक उरांव चौक, जयस्तंभ चौक, महामाया चौक, लरंगसाय चौक का भ्रमण करते हुए शंकरघाट स्थित सरना स्थल पहुंची जहां बैगा ने पारंपरिक तरीके से सरहुल पूजा संपन्न कराई। पूजा उपरांत उपस्थित लोगों ने बैठक कर वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा की तथा सामाजिक एकता एवं अपनी परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया। बैठक उपरांत सभी सदस्य नगाड़े की धूम पर नाचते गाते वापस पटेलपारा सामाजिक भवन पहुंचे। शोभायात्रा में चिलचिलाती धूप के बावजूद समाज के युवाओं का उत्साह देखने लायक था।

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर की चर्चा, दिया सामरबार आश्रम आने का न्योता

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सांसद चिंतामणि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सांसद चिंतामणि महाराज ने गुरूवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की तथा अम्बिकापुर से दिल्ली एवं कोलकाता की उड़ान सेवा प्रारंभ करने के लिए आभार जताया।

इस दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी को मक्के के दानों के लावा से बना आकर्षक माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान बताया कि सरगुजा आदिवासी बहुल इलाका है तथा हाल के वर्षों में सरगुजा का विकास तेजी से हुआ है लेकिन अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवागमन सुविधाओं की दृष्टि से सरगुजा काफी पिछड़ा है। उत्तरी छ.ग. का एकमात्र संत गहिरा गुरू विवि मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। इस विवि में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही इसे केंद्रीय विवि के रूप में विकसित करने से आदिवासी अंचल के युवाओं को विभिन्न विषयों के अध्यापन एवं शोध की सुविधा मिलेगी। सरगुजा संभाग में एक भी शासकीय संस्कृत महाविद्यालय नहीं है जिससे देवभाषा संस्कृत में युवा उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे है। सरगुजा में विभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रमों में विभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रमों में अध्यापन एवं मार्गदर्शन के लिए शिक्षा संस्थानों की स्थापना नहीं हो सकी है जिसके कारण बड़ी संख्या में युवा कोटा सहित अन्य क्षेत्रों में पढ़ाई करने जाते हैं। इसके लिए सरगुजा को एजुकेशन हब बनाने की जरूरत है। सांसद ने बताया उनके पिता गहिरा गुरू सरगुजा संभाग के प्रख्यात संत थे तथा धर्म-अध्यात्म एवं शैक्षिक विस्तार के लिए आजीवन समर्पित रहे। उनके शिष्य सरगुजा सहित आसपास के विभिन्न राज्यों के 15 विधानसभा क्षेत्रों में फैले हैं तथा आज भी गुरूजी के आश्रम से जुड़े हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को सामरबार आश्रम आने का न्योता भी दिया। सांसद ने बताया कि सरगुजा में धान के साथ ही भारी मात्रा में मक्के की खेती होती है। इस माला को सरगुजा के एक कलाकार ने मक्के के लावा से आपके लिए बनाया है। प्रधानमंत्री ने सांसद के न्योते को स्वीकार किया तथा सामरबार आश्रम में कभी विशेष अवसर पर पहुंचने का आश्वासन दिया।

उन्होंने सांसद चिंतामणि महाराज को शीघ्र मांगों की लिखित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा।



## खबर संक्षेप

### सुंदरपुर में सोख्ता गड्ढे का निर्माण



**कटगोड़ी।** जिला प्रशासन कोरिया द्वारा भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 5 प्रतिशत मॉडल सोख्ता गड्ढे का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। इसी निर्देश के पालन में सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरपुर सरपंच द्वारिका सिंह मरकाम द्वारा पंचायत क्षेत्र में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराया जा रहा है।

### 15 दिन पुरानी महिला की सड़ी लाश मिली

**अनूपपुर।** जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा माइंस इलाके में एक टीले पर लगभग 25 वर्षीय महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से मिले आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान मनीषा कहार, निवासी रामपुर बेलिया के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि शव करीब 15 दिन पुराना है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### नवरात्रि में अमरकंटक बना आस्था का धाम

**अनूपपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश की देवभूमि अमरकंटक में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान देशभर से हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के श्रीचरणों में उपस्थित होकर आत्मशुद्धि एवं पुण्य अर्जन के लिए यहां पहुंचे। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड पर श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ उमड़ती रही।
प्रातःकाल जब सूर्य की पहली किरणें धरती को आलोकित करती हैं, उसी समय श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में आस्था की डुबकी लगाकर अपने जीवन को पवित्र करने का प्रयास करते नजर आए। जय मां नर्मदे के गूंजते जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा।

### रेल संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**अनूपपुर।** मंडल संरक्षा विभाग बिलासपुर द्वारा रेल संरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर एक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य कर्मचारियों में सतर्कता, सजगता एवं कार्य कुशलता को बढ़ावा देना तथा ग्रीष्मकालीन चुनौतियों के प्रति जागरूकता लाना था।

## मंदिरों में उमड़ी भीड़: कोरिया-एमसीबी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# महाआरती के बाद हनुमान जी को लगा लड्डुओं का महाभोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के बाजारपारा प्राचीन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, लड्डुओं का महाभोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्री हनुमान सेवा समिति बाजारपारा द्वारा विशाल भण्डारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां देर अपरान्ह तक काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व ही अखंड रामायण पाठ शुरू किया गया था और दूसरे दिन सुबह जन्मोत्सव पर अखंड रामायण समाप्त हुआ और विशेष पूजन कार्य प्रारंभ हुआ।
इस अवसर पर महाआरती एवं लड्डुओं का महाभोग का प्रसाद चढ़ाया गया, इसके अलावा शहर के महलपारा मार्ग सड़क किनारे आस्था केन्द्र के पास भी हनुमान भक्तों द्वारा विशाल भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाता रहा। इसी तरह ओड़गी नाका में भी हनुमान जयंती पर भंडारा कार्यक्रम किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर सहित अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही विभिन्न हनुमान मंदिर में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मनोकामना की। शहर के प्रेमाबाग स्थित हनुमान मंदिर सहित छिन्दडॉड के सागरबांध स्थित हनुमान मंदिर, नगर के हनुमान मंदिर, जलियाडॉड स्थित हनुमान मंदिर, सोनहत के हनुमान मंदिर के अलावा जिले के अन्य स्थानों के हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे और विधि-विधान के साथ संकट मोचन की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर जिले के कई हनुमान मंदिर में रामायण पाठ का भी आयोजन कर भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं चिरमिरी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कई जगहों पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।






### हनुमान जन्मोत्सव पर दिनभर धार्मिक आयोजन

**सोनहत।** खंड स्तर पर 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्रभर में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर सहित ग्राम सलगवां में विशेष आयोजन किए गए। सलगवां में हनुमान लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई, जिसके साथ ही दिनभर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागी बने। वहीं आमापानी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में चोला चढ़ाने, पूजन एवं हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी से दिनभर भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।






### भव्य शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। खेड़िया तिराहा, झगराखाण्ड रोड स्थित हनुमान मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्टेशन रोड, श्री विजय हनुमान टेकरी, संकट मोचन हनुमान मंदिर (सीएमओ बंगले के सामने), मौहारपारा, चनवारीडांड गौठिया पारा तथा सिद्ध बाबा घाटी हनुमान मंदिर सहित अनेक मंदिरों में भजन-कीर्तन और अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई मंदिरों के पट दिनभर खुले रहे, जिससे श्रद्धालु निरंतर दर्शन कर सके। मंदिर परिसर में जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर झगराखाण्ड रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तगण ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान पूरा शहर मानो हनुमान भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति देकर माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति गीतों में लीन रहे। कई स्थानों पर अखंड रामचरितमानस का पाठ भी किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

## गुड फ्राईडे आज: मसीही समाज के लोग करेंगे विशेष प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

समाज में मानवता की रक्षा एवं प्रेम का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करने का दिन गुड फ्राईडे जिला मुख्यालय सहित जिले के कई स्थानों पर समाज के लोगों के द्वारा श्रद्धा व सादगी के साथ मनाया जाएगा।
इस दिन शहर के गिरजाघरों के साथ जिले के अन्य जगहों पर स्थित गिरजाघरों में मसीही समाज के लोग एकत्रित होकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे। गुड फ्राईडे के अवसर पर प्रमुख गिरजाघरों में प्रभु यीशु के दुःखों एवं उनके बलिदान की यात्रा को दर्शाने का मंचन भी किया जाता है। मसीही समाज के लोग इस अवसर पर शोक व्यक्त कर शांति की प्रार्थना भी करते हैं। जानकारी के अनुसार प्रभु यीशु ने शारीरिक यातनाएं सही थी, बावजूद इसके उन्होंने मानवता के कल्याण और पापों की मुक्ति के लिए बलिदान दिया। इसी भलाई के कारण इस दिन को गुड फ्राईडे के रूप में मनाया जाने लगा जो आज भी पूरे विश्व में सादगी के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था, तब उन्होंने कष्ट सहते हुए अपने विरोधियों को क्षमा करने का संदेश दिया। इस दिन गिरजाघरों में न तो घंटी बजाई जाती है और नहीं किसी प्रकार का उत्सव मनाया जाता है। समाज के लोग गिरजाघरों में जुटकर शोक व्यक्त कर विश्व शांति की प्रार्थना करते हैं। जानकारी के अनुसार इस्टर पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत और मृत्यु पर जीवन की जीत का पर्व माना गया है।



### तीन दिन बाद खुशी का पर्व ईस्टर

जानकारी के अनुसार गुड फ्राईडे के दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था और इसके ठीक तीसरे दिन बाद रविवार को प्रभु यीशु जीवित हो उठे थे। प्रभु यीशु के इसी पुनरूत्थान की खुशी में इस्टर का पर्व समाज के लोगों के द्वारा उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है, मोमबत्ती जलाई जाती है, खुशियां मनाई जाती है और प्रत्येक मसीही समाज के घरों में विभिन्न तरह के पकवान भी बनाए जाते हैं।

## सियान जतन दिवस पर

# वृद्धजन को बांटी गई छड़ियां

**मनेन्द्रगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेदरी में सियान जतन दिवस के अवसर पर लायंस क्लब प्राइड मनेन्द्रगढ़ द्वारा एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजन को सहारा प्रदान करने के उद्देश्य से छड़ी का वितरण किया गया, जिससे उनके दैनिक जीवन को सरल और सुरक्षित बनाया जा सके।
कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, हितग्राही एवं क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने वृद्धजन का सम्मान करते हुए उन्हें छड़ी भेंट की और उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के अनुभव और संस्कारों के अमूल्य भंडार हैं, जिनकी सेवा और सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बढ़ती उम्र के साथ आने वाली शारीरिक कठिनाइयों को कम करना और बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाना रहा।
छड़ी प्राप्त कर वृद्धजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लायंस क्लब के प्रति आभार जताया। खास बात यह रही कि 102 वर्षीय सुखवारिया को भी इस दौरान छड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा के साथ ही क्लब की वरिष्ठ सदस्य लायन इंदिरा सेंगर, संगीता शर्मा, अध्यक्ष लायन पूनम सिंह, सोमा आचार्य, रजनी अग्रवाल, ममता राना, डॉ. मंजुलिका करण, सुधा सोनी, पूजा श्रीवास्तव, प्रियंका अग्रवाल, सोनिया कालरा, रूपा पोद्दार, अल्पा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल एवं अरूणा अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




## शहर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क प्याउ का शुभारंभ 1 अप्रैल को प्रारंभ किया।
इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को शहर के तहसील कार्यालय,जनपद कार्यालय के समीप, भवानी तिगड्डा, स्वामी आत्मानंद स्कूल महलपारा के सामने, चेर सहित कुल 10 स्थानों पर नपा परिषद बैकुंठपुर द्वारा सार्वजनिक प्याउ खोला गया। मार्च का महीना समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे गर्मी तेज होने लगी है, इससे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध करान की दिशा में पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिला मुख्यालय होने के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में प्रतिदिन लोगों का आना-जाना रहता है, जिन्हें शहर में निःशुल्क प्याउ सुविधा का लाभ मिल सकेगा। गर्मी के दिनों में लोगों को प्यास बुझाने के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है, शहर के बाहर से आने वाले लोग जिनमें ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के होते हैं, उनके लिए सार्वजनिक प्याउ बड़ा राहत देने वाला है, उन्हें विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर निःशुल्क पेयजल प्राप्त हो सकेगा।




### भारतीय सेना में अग्निवीर बनने का मौका

**बैकुण्ठपुर।** देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के तहत शानदार अवसर उपलब्ध हुआ है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया चार चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में 1 से 15 जून के बीच ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण, चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। इस भर्ती के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क/स्टोर कीपर (टेक्निकल) और ट्रेडसमेन (8 वीं व 10 वीं पास) पदों पर नियुक्ति की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु 17 से 22 वर्ष निर्धारित है, जबकि शैक्षणिक योग्यता पदानुसार तय की गई है। शारीरिक परीक्षा में 1.6 किमी दौड़, पुल-अप, 9 फीट गड्ढा कूद और बैलेंसिंग बीम जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। सामान्य ड्यूटी के लिए निर्धारित शारीरिक मापदंड भी लागू होंगे।

## शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 2 अप्रैल को जनभागीदारी समिति की द्वितीय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सचिव डॉ. आरएन कच्छप द्वारा जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने से हुई।
अध्यक्ष श्रीमती शिवहरे की सहमति से महाविद्यालय के विकास कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान नविता शिवहरे ने महाविद्यालय को एक कम्प्यूटर सेट प्रदान किया तथा एक वाटर कूलर देने की घोषणा भी की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की और सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की सदस्य रेनु सिंह, गीता साहू, दानदाता अर्चना गुप्ता एवं मनीषा जायसवाल, पूर्व छात्राएं कुमारी अदिति गुप्ता एवं कुमारी साक्षी एरिना बेक सहित महाविद्यालयीन स्टाफ के सदस्य भारत सिंह, कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा एवं रितेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य एवं सचिव डॉ. आरएन कच्छप द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसिन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

## चोरी, लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को सराफा बाजार के ज्वेलरी व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन एवं सराफा संघ के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे ने थाना प्रभारी राजेश तिवारी, साइबर प्रभारी विनोद पासवान एवं साइबर टीम के साथ व्यापारियों से सीधा संवाद किया। बैठक में बाजार क्षेत्र में चोरी एवं लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने ज्वेलरी दुकानदारों को दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, अलार्म सिस्टम का उपयोग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही हेलमेट या चेहरा ढंककर आने वाले व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा 2 लाख रूपए से अधिक की खरीदी पर पैन कार्ड अनिवार्य करने तथा 10 लाख रूपए से ऊपर के लेन-देन पर आय का स्त्रोत पूछने की बात कही गई। आपातकालीन स्थिति में डायल 112, थाना प्रभारी एवं साइबर सेल के संपर्क नंबरों का उपयोग करने की भी सलाह दी गई।

### ग्राम पंचायतों में आवास दिवस 7 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 अप्रैल को चावल महोत्सव, रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर वीबीजी रामजी योजना की जानकारी दी जाएगी। अमृत सरोवर के सूचना पटल पर भी क्यूआर कोड उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में पीएमआवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में तेजी लाने, समस्याओं के समाधान तथा संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी।

## राजस्व निरीक्षक पर 1000 रुपए क्षतिपूर्ति देने के आदेश

**बैकुंठपुर।** छग लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत सेवाओं में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक जनार्दन सिन्हा पर 1000 रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह आदेश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर द्वारा जारी किया गया है। मामले के अनुसार ग्राम बैकुंठपुर निवासी श्रीमती सुमित्रा साहू ने ग्राम ओड़गी स्थित अपनी भूमि खसरा नंबर 704/3 एवं 704/5 के सीमांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा राजस्व निरीक्षक को 15 दिवस के भीतर सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में यह कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

